कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक 02.06.2026

/प्रेस विज्ञप्ति/

तम्बाकू निषेध दिवस

शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग द्वारा तम्बाकू निषेध दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, कर्मचारीगण एवं छात्राओं ने शपथ ग्रहण करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार के नशा से मुक्ति हेतु हम सभी लोगों का जागरूक करेंगे एवं स्वयं नशा से दूर रहेंगे।

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 सुषमा यादव ने सम्बोधित करते हुए कहा कि धुम्रपान, तम्बाकू, शराब आदि दुर्व्यसन मनुष्य के लिए अत्यंत हानिकारक है। नशा का दुष्प्रभाव परिवार एवं समाज पर पड़ता है। नशामुक्त समाज के निर्माण में हम सभी की सहभागिता होनी चाहिए। प्रत्येक नागरिक को जागरूक करना हम सबका कर्त्तव्य है। डॉ0 मीनाक्षी अग्रवाल, प्राध्यापक, गृहविज्ञान ने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि स्वस्थ समाज के निर्माण हेतु जन जागरूकता में आप सभी का महत्वपूर्ण योगदान होना चाहिए। शासन के द्वारा भी नशामुक्ति संबंधी अनेक जागरूकता अभियान जनहित में प्रसारित कर चलाए जा रहे हैं। नशामुक्त भारत समाज को एक नई दिशा की ओर अग्रसर करती है। जिससे कि आने वाली भावी पीढ़ी को नई पहल के प्रेरित कर सकती है। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 यशेश्वरी ध्रुव ने किया एवं आभार डॉ0 लता मेश्राम ने व्यक्त किया।

टीप - समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

तम्बाकू निषेध दिवस